Seventeenth Loksabha

pan>

Title : Need to shift Kendriya Vidyalaya in Dibiyapur Legislative Assembly in Etawah Parliamentary Constituency to a Permanent School Building- Laid.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): मेरे लोकसभा क्षेत्र इटावा के विधान सभा दिबियापुर में वर्ष 1987 में एनटीपीसी के परिक्षेत्र में एक अस्थाई भवन में केन्द्रीय विद्यालय खोला गया था तब से लेकर आज तक इस विद्यालय का संचालन अस्थाई भवन में ही चल रहा है ।

इस विद्यालय में गेल, NTPC, CISF सुरक्षा कर्मी, सरकारी कर्मचारी, तथा आस-पास के अभिभावकों के बच्चें पढ़ते है । केन्दीय विद्यालय मानक के अनुरुप इस विद्यालय में सुविधाए उपलब्ध नही है । इस अस्थाई भवन में अभी तक बच्चों के लिए प्रयोगशाला, स्मार्ट कक्षाए, पुस्तकालय, कम्प्यूटर रुम, खेल-कूद से संबंधित आधारभूत सुविधाएं नही है । साथ ही इस अस्थाई भवन में कमरों की संख्या कम और छोटा होने के कारण कम ही बच्चों का प्रवेश लिया जाता है जिससे वहां के गरीब बच्चों का केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश नही हो पाता है जिस कारण वहां के बच्चों का शिक्षण कार्य सही रुप से नही हो पाता ।

अतः सरकार से मांग है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए उक्त केन्द्रीय विद्यालय को NTPC के परिक्षेत्र से बाहर एक नये स्थाई भवन में संचालित किया जाए ।